E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/1402/2026 दिनांक : 04/11/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः सत्र 2025–26 के परीक्षा पारिश्रमिक के भुगतान हेतु परीक्षा ड्यूटी फीड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पूर्व के पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में सत्र 2025–26 सम/विषम सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षकों एवं उड़नदस्ता इत्यादि के परीक्षा पारिश्रमिक के भुगतान से सम्बन्धित ऑन–लाइन परीक्षा ड्यूटी अभी भी कई महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से फीड नहीं की गयी थी, जिसके कारण उनके परीक्षा पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पा रहा था। उक्त से सम्बन्धित परीक्षा ड्यूटी फीड किये जाने की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी थी। विभिन्न महाविद्यालयों के अनुरोध पर परीक्षा ड्यूटी फीड किये जाने की तिथि पुनः अन्तिम रूप से दिनांक 15.11.2026 तक विस्तारित की जाती है।

अतः आदेशानुसार अनुरोध है कि सत्र 2025–26 हेतु परीक्षा कार्य से संलग्न केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षकों एवं उड़नदस्ता इत्यादि की परीक्षा ड्यूटी का विवरण दिनांक 15.11.2026 तक अनिवार्य रूप से फीड किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात सत्र 2025–26 सम व विषम सेमेस्टर की परीक्षा ड्यूटी फीड किये जाने सम्बन्धी पोर्टल बन्द कर दिया जायेगा एवं उक्त के सम्बन्ध में भविष्य में महाविद्यालय का कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जी0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, प्रति कुलपति।
5. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. पी.एम.यू. सेल/प्रभारी, कोडिंग ।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)